Tuesday December 21 2021 9:05:32 AM GOVT OF INDIA RNI NO. 6868/61



भारत दर्शन
www.bharatdarshannews.com
संस्थापक : स्वर्गीय श्री बृजी मोहनलाल सम्पादक



## FARIDABAD

### अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Monday,20 December , 2021)

Faridabad News, 20 Dec 2021: अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला रेडक्रोस सोसायटी फरीदाबाद के सहयोग से पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। शिविर में महाविद्यालय की युवा रेडक्रोस की तीन इकाइयों के 50 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। जिला रेडक्रोस सोसायटी फरीदाबाद से मुख्य प्रशिक्षक श्री दर्शन भाटिया जी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रेडक्रोस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता और गृह उपचार की जानकारी देना है पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रक्त की जानकारी रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन ,हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टीयो, जलने का उपचार, घटनास्थल से घायल में बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है। सांप, बंदर, बिच्छू व कुत्ते के काटने और जहर फैलने पर प्राथमिक उपचार आदि की जानकारियां दी जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी ने शिविर का उद्घाटन किया और युवाओं को कोविड महामारी से सुरक्षित और स्वस्थ रहने की कामना की। युवा रेडक्रोस संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने शिविर का संचालन करते हुए रेडक्रोस के गठन, उद्देश्य और युवा रेडक्रोस द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और बताया कि यह शिविर दिनांक 24 दिसंबर, 2021 तक चलेगा। जिसमें सफल स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे । इस अवसर पर युवा रेडक्रोस ईकाई के काउंसलर सुभाष कैलोरिया और लवकेश भी उपस्थित थे।

LATEST VIDEO

119 करोड़ की लागत

